भारत सरकार

योजना मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 266**

दिनांक 27.11.2024 को उत्तर देने के लिए

**वरिष्ठ नागरिक देखभाल को सुदृढ़ करने के लिए कार्यशाला**

**266. श्री प्रदीप कुमार सिंह:**
**श्री मनीष जायसवाल:**
**श्री बसवराज बोम्मई:**
**श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:**
**श्री कंवर सिंह तंवर:**
**श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**
**श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:**
**श्री जुगल किशोर:**
**श्री खगेन मुर्मु:**
**श्री अशोक कुमार रावत:**
**श्री विष्णु दयाल राम:**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में वरिष्ठ नागरिक देखभाल को सुदृढ़ करने के लिए नीति आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशालाओं का ब्यौरा क्या है, साथ ही इसके मुख्य उद्देश्य और परिणाम क्या रहे तथा गुजरात, विशेषकर दाहोद जैसे आदिवासी जिलों का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त कार्यशालाओं में कितने राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों ने भाग लिया तथा उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा निभाई गई विशिष्ट भूमिका क्या है;

(ग) झारखंड और राजस्थान, विशेषकर चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र सहित देश भर में वरिष्ठ नागरिक देखभाल को सुदृढ़ करने के लिए आयोजित कार्यशाला के दौरान की गई नई पहलों और प्रस्तावित नीतियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

(घ) इस कार्यशाला से प्राप्त सिफारिशों और निष्कर्षों को नीति आयोग राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर किस प्रकार कार्यान्वित करने और निगरानी करने की योजना बना रहा है;

(ङ) देश में अब तक विकसित किए गए बुनियादी ढांचे तथा उक्त कार्यशाला के बाद विकसित किए जाने हेतु प्रस्तावित बुनियादी ढांचे का ब्यौरा क्या है; और

(च) विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश में वरिष्ठ नागरिक देखभाल को सुदृढ़ करने के लिए अब तक आवंटित और व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं**

**राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय**

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क)एवं (ख) नीति आयोग द्वारा देश में वरिष्ठ नागरिक देखभाल को सुदृढ़ करने के मामलों से संबंधित विचार विमर्श हेतु 30 अगस्त 2024 को शिलांग, मेघालय, तथा 27 सितम्बर 2024 को तिरुवनन्तपुरम, केरल में दो राष्ट्रीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशालाओं में 28 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशालाओं में केंद्रीय मंत्रालयों, गैर सरकारी संगठनों, और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। कार्यशालाओं का उद्देश्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और अन्य हितधारकों से वरिष्ठ नागरिक देखभाल को सुदृढ़ करने के बारे में विचार प्राप्त करना था।

(ग) से (ङ) कार्यशालाओं में विचार विमर्श के दौरान मौजूदा चुनौतियां, वर्तमान पहलें, और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा वरिष्ठ नागरिक देखभाल को सुदृढ़ करने के लिए अपनाई गई सर्वश्रेष्ठ पद्धतियां और बुजुर्गों के लिए देश के देखभाल इकोसिस्टम आदि जैसे वरिष्ठ नागरिक देखभाल से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। दोनों कार्यशालाओं में झारखंड से कोई प्रतिभागी मौजूद नहीं था।

वरिष्ठ नागरिकों की समग्र देखभाल तथा कल्याण हेतु एक कार्यनीतिक ढांचे की सिफारिश करने के लिए डॉ. वी.के.पॉल, सदस्य (स्वास्थ्य), नीति आयोग की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया जिसमें हितधारक मंत्रालयों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों, वरिष्ठ देखभाल संगठनों और उद्यमों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

(च) विभिन्न मंत्रालयों में ऐसी कई स्कीमें/ कार्यक्रम हैं जिनमें वरिष्ठ नागरिक देखभाल को सुदृढ़ करने से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के घटक शामिल हैं। इस मामले में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की भी अपनी स्कीमें/कार्यक्रम हैं।

*****